Title: Need to construct an airport in Himachal Pradesh for promoting tourism in the State.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : उपाध्यक्ष महोद्य, मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश पहाड़ी एवं सीमावर्ती प्रदेश है जहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन आजादी के बाद से अब तक हिमाचल प्रदेश में न रेलों का विकास हुआ है और न ही वायु सेवाओं का विस्तार किया गया है। प्रदेश सरकार अपने सीमित साधनों से पर्यटन को बढ़ाने का भरपूर प्रयास कर रही है लेकिन अपार संभावनाएं एवं सीमित साधनों में तालमेल नहीं बैठ रहा है। इस कारण हिमाचल प्रदेश में पर्यटक अपेक्षित संख्या में नहीं आ पा रहे हैं। मैं विगत तीन लोक सभाओं से समय-समय पर रेल मंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्री का ध्यान रेलों एवं वायुसेवा में विस्तार की ओर आकर्ति करता रहा हूं लेकिन परिणाम अभी तक शून्य हैं।

मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से प्रार्थना है कि हिमाचल प्रदेश में राट्रीय स्तर का एक ऐसा बड़ा हवाई अड्डा बनाया जाए जहां एयर बस-320 आसानी से उतर सके। ऐसा करने से कम खर्च में पर्यटक दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई और कोलकाता आदि से सीधे हिमाचल प्रदेश में उतर सकेंगे।